सं०सं०–16 / एम.1–54 / 2025

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

उपेन्द्र राम
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग,ऐनेक्सी ब्लॉक 3, भूतल,
पुराना सचिवालय, पटना–800015

पटना, दिनांक–

विषयः–जहानाबाद जिला में कार्यरत नवनियुक्त यूनानी चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का विनियमन के संबंध में।

प्रसंगः– वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग का पत्रांक PCFC/MED/RACS/2024/0640/2088(25) dated 27-12-2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विज्ञापन संख्या 08 / 2020 के आलोक में बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या –305(आ.चि.), दिनांक–14.03.2024 द्वारा यूनानी चिकित्सा पदाधिकारियों को पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनों का चिकित्सीय प्रशिक्षण / जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नहीं मिलने के कारण आदर्श आचार संहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं0–743(आ.चि.), दिनांक–19.07.2024 द्वारा यूनानी चिकित्सा पदाधिकारियों को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों / जिला संयुक्त औषधालयों / राजकीय औषधालयों / आयुष कॉलेज अस्पतालों आदि में पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक में सभी यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी योगदान देकर कार्यरत हैं। इस प्रकार सभी यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी, सिविल सर्जन कार्यालय में अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमें उनका कोई दोष नहीं है।

विभागीय पत्रांक 1397(आ0चि0) दिनांक 20.12.2024 द्वारा नवनियुक्त चिकित्सकों के पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अविध को कतिपय शर्तों के साथ विनियमन किया जा चुका है। वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग के प्रासंगिक पत्र के आलोक में जिन चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा विनियमन की शर्तें पूरी कर ली गयी हैं उनका समेकित विनियमन सूचना अवधि सहित निम्नवत हैः–

क्र० सं०	पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	वर्तमान पदस्थापन स्थल	अवधि जिनका विनियमन किया जाना है।	अवकाश उपभोग की सूचना	यदि वेतन पुर्जा निर्गत हो गया है, तो वेतन पुर्जा संख्या	यदि वेतन पुर्जा निर्गत नहीं हुआ है तो **PRAN/ GPF** संख्या	सेवा विनियमन के प्रकार

17/04/2026

1	2	3	4	5	6	7	8
1	डा० मो० इम्तियाज आलम, यूनानी चि०पदा०	अति०प्रा०स्वा० केन्द्र, सोनवा, घोषी, जहानाबाद	18.03.2024 से 21.07.2024 126 दिन	—	27112425057202		पदस्थापन की प्रतीक्षा में
2	डा० मो० खालिद अनवर, यूनानी चि०पदा०	अति०प्रा०स्वा० केन्द्र, नन्दना, घोषी, जहानाबाद	16.03.2024 से 29.07.2024 136 दिन	—	9012525059800		पदस्थापन की प्रतीक्षा में
3	डा० मो० कलामुद्दीन, यूनानी चि०पदा०	अति०प्रा०स्वा० केन्द्र, अलीनगर, पाली, काको, जहानाबाद	15.03.2024 से 21.07.2024 129 दिन	—	16112425055999		पदस्थापन की प्रतीक्षा में
4	डॉ० गजाला तरन्नुम यूनानी चि०पदा०	सामु० स्वा० केन्द्र, शकुराबाद	19.03.2024 से 21.07.2024 125 दिन	—	22112425056957		पदस्थापन की प्रतीक्षा में

उक्त अवधि में उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–16/एम.1–54/2025.–568 (आ.चि.) पटना, दिनांक– 17.4.2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन, जहानाबाद/संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अ0प्रा0स्वा0के0/संबंधित यूनानी चिकित्सा पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–16/एम.1–54/2025.–568 (आ.चि.) पटना, दिनांक– 17.4.2026

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/04/2026

सरकार के अवर सचिव

Scanned with OKEN Scanner